C. S. (Main) Exam : 2011

C-DTN-L-DBA

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## Paper I

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300

### INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*Assume suitable data if considered necessary and indicate the same clearly.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer the following in about 150 words each : *15×4=60*

   (a) How do you use the concept of revenue recognition in the determination of income of a business concern ? Explain, giving examples.

   (b) Discuss the effectiveness of monetary policy of a Central Bank to control (i) Inflation, and (ii) Recession, citing examples from Indian experiences.

   (c) "SEBI has failed to effectively control the capital market in India." Critically examine this statement.

   (d) How will you segregate fixed cost element from the semi-variable cost ? Explain with examples.

2. (a) Pass necessary journal entries in the account books of a company from the following :

   Also mention the impact of each transaction on the Balance Sheet of the company. *5×6=30*

   (i) Issue of Bonus shares in the ratio of 1 : 1. The share capital at the beginning of the year stood at ₹ 12,50,000. Adequate retained earnings in the form of general reserve and Profit & Loss (Cr.) were present on the date of Bonus issue.

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए : *15×4=60*

(क) किसी व्यावसायिक संस्था के आय के निर्धारण में आगम स्वीकरण की अवधारणा का प्रयोग आप कैसे करेंगे ? उदाहरण देकर, समझाइए ।

(ख) भारतीय अनुभवों से उदाहरण देते हुए, (i) मुद्रास्फीति, तथा (ii) मन्दी को नियंत्रित करने के लिए केन्द्रीय बैंक की मौद्रिक नीति की प्रभावकारिता की विवेचना कीजिए ।

(ग) "भारत में, पूँजी बाज़ार को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में सेबी (SEBI) असफल रहा है ।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

(घ) अर्ध-परिवर्तनशील लागत से स्थिर लागत तत्त्व को आप कैसे पृथक् करेंगे ? उदाहरण देकर, समझाइए ।

2. (क) निम्नलिखित से, एक कम्पनी की खाता बहियों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए :
कम्पनी के तुलन पत्र पर प्रत्येक लेन-देन के प्रभाव को भी बताइए । *5×6=30*

(i) 1 : 1 के अनुपात में, बोनस अंशों का निर्गमन । वर्ष के आरंभ में, अंश पूँजी ₹ 12,50,000 थी । बोनस अंशों के निर्गमन की तिथि पर सामान्य संचय तथा लाभ एवं हानि (क्रेडिट) के रूप में पर्याप्त प्रतिधारित आय थी ।

(ii) Company bought back its own 25,000 shares @ ₹ 135 each. Such shares have not been cancelled. Face value of each share is ₹ 10.

(iii) Company's net block amounted to ₹ 7,25,750. Management decide to revalue it at ₹ 9,50,000 and show it at revised value.

(iv) An asset worth ₹ 62,500 was lost in fire and the company could realize ₹ 45,000 only from the insurance company.

(v) Bad debts amounting to ₹ 15,500 were recovered during the year.

(vi) Issue of 10,00,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 65. (Money received by the company).

(b) Do you agree with the view that Activity Based Costing is not very practical and useful ? Discuss its limitations. *30*

(ii) कम्पनी ने अपने 25,000 अंशों को ₹ 135 प्रत्येक की दर से पुनर्खरीद कर लिया । ऐसे अंशों को रद्द नहीं किया गया है । प्रत्येक अंश का अंकित मूल्य ₹ 10 है ।

(iii) कम्पनी का शुद्ध ब्लॉक (net block) ₹ 7,25,750 था । प्रबंधन उसे ₹ 9,50,000 से पुनर्मूल्यांकित करने का निर्णय लेती है तथा इसे संशोधित मूल्य पर दिखाना चाहती है ।

(iv) ₹ 62,500 मूल्य की एक परिसम्पत्ति अग्नि से नष्ट हो गई तथा बीमा कम्पनी से, कम्पनी को केवल ₹ 45,000 वसूल हुए ।

(v) ₹ 15,500 की धनराशि के डूबत ऋण वर्ष के दौरान पुनः प्राप्त हुए ।

(vi) ₹ 65 प्रीमियम पर ₹ 10 प्रत्येक के 10,00,000 अंश निर्गमित किए गए । (कम्पनी को धनराशि प्राप्त हो गई) ।

(ख) क्या आप इस दृष्टिकोण से सहमत हैं कि क्रिया आधारित लागत लेखांकन बहुत अधिक व्यावहारिक तथा उपयोगी नहीं है ? इसकी सीमाओं की विवेचना कीजिए । *30*

3. (a) The ledger balances extracted from the books of Prefect Public Ltd. for the year ended on 31st March, 2011 are as follows :

| | ₹ |
|---|---|
| Share Capital | 50,00,000 |
| 12% Debentures | 37,50,000 |
| Land & Building | 38,40,000 |
| Profit & Loss (Cr.) | 3,28,125 |
| Stock-in-trade (1-4-2010) | 9,37,500 |
| Sundry Debtors | 20,25,000 |
| Cash Balances | 3,12,500 |
| Purchases | 23,12,500 |
| Preliminary Expenses | 62,500 |
| Bills Payable | 4,62,500 |
| Interim Dividend | 4,90,000 |
| Wages | 12,50,000 |
| General Expenses | 1,05,000 |
| Salaries | 2,27,000 |
| Creditors | 5,00,000 |
| Sales | 50,50,000 |
| General Reserve | 2,75,000 |

3. (क) 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए, प्रीफेक्ट पब्लिक लि. की बहियों से लिए गए खाता शेष निम्नलिखित हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| अंश पूँजी | 50,00,000 |
| 12% ऋणपत्र | 37,50,000 |
| भूमि एवं भवन | 38,40,000 |
| लाभ एवं हानि (क्रेडिट) | 3,28,125 |
| व्यापारिक रहतिया (1-4-2010) | 9,37,500 |
| विविध देनदार | 20,25,000 |
| रोकड़ शेष | 3,12,500 |
| क्रय | 23,12,500 |
| प्रारंभिक व्यय | 62,500 |
| देय विपत्र | 4,62,500 |
| अन्तरिम लाभांश | 4,90,000 |
| मज़दूरी | 12,50,000 |
| सामान्य व्यय | 1,05,000 |
| वेतन | 2,27,000 |
| लेनदार | 5,00,000 |
| विक्रय | 50,50,000 |
| सामान्य संचय | 2,75,000 |

| | |
|---|---|
| Bad debts provision (Cr.) | 55,000 |
| Bad debts | 35,000 |
| Interest on debentures | 2,25,000 |
| Capital loss written off | 4,00,000 |
| Calls in Arrears | 95,000 |
| Dividend Equalization Fund. | 10,50,000 |
| Debenture Redemption Reserve | 20,00,000 |
| Unclaimed dividend | 5,625 |

Make adjustments for the following and prepare Balance Sheet, as per requirements of the Companies Act, 1956 :

(i) Depreciate Land & Building by 10%.

(ii) Provide Bad debts Reserve @ 5%.

(iii) Write off preliminary expenses, ₹ 50,000.

(iv) Debenture interest for half-year due.

(v) Unsold stock, ₹ 12,50,000.

(vi) Provision for Tax @ 40%.

(vii) Contingent liability, ₹ 10,50,000. *45*

(b) Give your suggestions related to accounting standards on depreciation and inventories. *15*

| | |
|---|---|
| डूबत ऋण प्रावधान (क्रेडिट) | 55,000 |
| डूबत ऋण | 35,000 |
| ऋणपत्रों पर ब्याज | 2,25,000 |
| अपलिखित पूँजी हानि | 4,00,000 |
| बकाया याचना | 95,000 |
| लाभांश समकरण कोष | 10,50,000 |
| ऋणपत्र शोधन संचय | 20,00,000 |
| अयाचित लाभांश | 5,625 |

निम्नलिखित के लिए समायोजन कीजिए तथा कम्पनी अधिनियम, 1956 की आवश्यकताओं के अनुरूप तुलन पत्र तैयार कीजिए :

(i) भूमि एवं भवन पर 10% से ह्रास लगाइए ।

(ii) डूबत ऋण संचय के लिए 5% की दर से प्रावधान कीजिए ।

(iii) प्रारंभिक व्यय को ₹ 50,000 से अपलिखित कीजिए ।

(iv) आधे वर्ष के लिए ऋणपत्र पर ब्याज देय है ।

(v) अविक्रीत रहतिया, ₹ 12,50,000 ।

(vi) कर के लिए प्रावधान 40% की दर से ।

(vii) प्रासंगिक दायित्व, ₹ 10,50,000 । *45*

(ख) ह्रास तथा इन्वेन्ट्री से सम्बन्धित लेखांकन मानक के विषय में अपने सुझाव दीजिए । *15*

4. (a) On 31st March, 2011, the Balance Sheet of ABC Ltd. stood as follows :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Authorised Share Capital : 2,50,000 Shares of ₹ 10 each | 25,00,000 | Net Block | 9,50,000 |
| Issued, called up and paid up Capital : 1,30,000 Equity Shares of ₹ 10 each, ₹ 8 called up & paid up | 10,40,000 | Investments at cost | 8,50,000 |
| General Reserve | 6,50,000 | Current Assets | 4,27,000 |
| Profit & Loss (Cr.) | 2,50,000 | Bank and Cash Balances | 1,11,000 |
| Share Premium A/c | 1,75,000 | | |
| Assets Revaluation A/c | 1,00,000 | | |
| Investment Fluctuation Fund | 73,000 | | |
| Statutory Reserve | 25,000 | | |
| Other liabilities | 25,000 | | |
| | 23,38,000 | | 23,38,000 |

4. (क) 31 मार्च, 2011 को, अ ब स. लि. का, तुलन पत्र निम्नलिखित था :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| अधिकृत अंश पूँजी : ₹ 10 प्रत्येक के 2,50,000 अंश | 25,00,000 | शुद्ध ब्लॉक (Net Block) | 9,50,000 |
| निर्गमित, याचित तथा प्रदत्त पूँजी : ₹ 10 प्रत्येक के 1,30,000 समता अंश, ₹ 8 याचित एवं प्रदत्त | 10,40,000 | विनियोग, लागत पर | 8,50,000 |
| सामान्य संचय | 6,50,000 | चल परिसम्पत्तियाँ | 4,27,000 |
| लाभ एवं हानि (क्रेडिट) | 2,50,000 | बैंक एवं रोकड़ शेष | 1,11,000 |
| अंश प्रीमियम खाता | 1,75,000 | | |
| परिसम्पत्ति पुनर्मूल्यांकन खाता | 1,00,000 | | |
| विनियोग उच्चावचन कोष | 73,000 | | |
| सांविधिक संचय | 25,000 | | |
| अन्य देयताएँ | 25,000 | | |
| | 23,38,000 | | 23,38,000 |

The company has passed necessary resolution and complied with other formalities to issue Bonus Shares to its shareholders in the ratio of 3 : 5. You are required to give effect to the Bonus scheme and show the Balance Sheet after issue of Bonus Shares. 25

(b) Mr. Shan is a salaried employee. During the year ended on $31^{st}$ March, 2011, the details of his income and other information were as follows :

| | ₹ |
|---|---|
| Annual salary ₹ 35,000 × 12 = | 4,20,000 |
| Pay Arrears | 80,000 |
| Leave travel concession provided by employer | 21,000 |
| House Rent Allowance ₹ 10,000 per month | |
| Dividend on Investment in Shares | 1,500 |
| LIC Premium paid on his life by employer | 18,000 |
| Medical Allowance @ ₹ 1,200 p.m. | 14,400 |
| Mr. Shan invested in NSC | 25,000 |
| Investment in Mutual Fund (ELSS) | 10,000 |
| Deposit in Public Provident Fund | 15,000 |
| Admission fees of the child | 6,000 |
| Donation to a local private school | 1,000 |

कम्पनी ने आवश्यक प्रस्ताव पारित कर लिया है तथा 3 : 5 के अनुपात में, अपने अंशधारियों को बोनस अंश निर्गमित करने के लिए, अन्य औपचारिकताएँ पूरी कर ली हैं । आपको बोनस योजना तैयार करना है तथा बोनस अंशों को निर्गमित करने के उपरान्त, तुलन पत्र तैयार कीजिए । *25*

(ख) श्री शान एक वेतनभोगी कर्मचारी हैं । 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान, उनकी आय तथा अन्य सूचनाओं का विवरण निम्नलिखित था :

| | ₹ |
|---|---|
| वार्षिक वेतन ₹ 35,000 × 12 = | 4,20,000 |
| बकाया वेतन | 80,000 |
| नियोक्ता द्वारा दिया गया अवकाश यात्रा रियायत | 21,000 |
| मकान किराया भत्ता ₹ 10,000 प्रति माह | |
| अंशों में विनियोग से लाभांश | 1,500 |
| नियोक्ता द्वारा उनके जीवन पर दिया एल.आई.सी. प्रीमियम | 18,000 |
| चिकित्सा भत्ता ₹ 1,200 प्रति माह की दर से | 14,400 |
| श्री शान ने विनियोजित किया एन.एस.सी. में | 25,000 |
| साझा कोष (Mutual Fund) में विनियोग (ELSS) | 10,000 |
| सार्वजनिक भविष्य-निधि में जमा | 15,000 |
| बच्चे का प्रवेश शुल्क | 6,000 |
| स्थानीय निजी स्कूल को दान | 1,000 |

He owns a house which has been let out on annual rent of ₹ 96,000.

Paid Municipal Charges on House Property, ₹ 6,000.

Determine the Total Income of Mr. Shan and the tax payable by him as per the rates applicable for 2011 – 2012 Assessment year. *35*

वह एक घर के मालिक हैं जो ₹ 96,000 के वार्षिक किराये पर उठा है।

घर सम्पत्ति पर म्यूनिसिपल कर दिए, ₹ 6,000 ।

कर निर्धारण वर्ष 2011 – 2012 के लिए लागू दरों के अनुसार, श्री शान की कुल आय तथा उनके द्वारा देय कर की गणना कीजिए। *35*

## SECTION B

5. Answer the following in about 150 words each : *15×4=60*

   (a) "Dividend cannot be paid out of capital." Explain it. Is there any exception to this rule of law ? How will you, as an auditor, ensure that the dividend has not been paid out of capital ?

   (b) Can a company issue sweat equity shares ? Discuss various regulations for issue of such shares.

   (c) Give a list of items of expenses which are not allowed to be deducted from income in the determination of Profits and Gains from Business or Profession.

   (d) Critically examine MM-Thesis.

6. (a) A company is contemplating to expand its business for which it will need a capital expenditure of ₹ 1·50 crores and working capital of ₹ 0·50 crore. The existing capital of the company consists of 30,00,000 shares of ₹ 10 each.

   The additional investment may be financed by issue of fresh share capital or borrowings @ 15% interest per annum from financial institutions or a combination of share capital and loan. The earnings before interest and taxes are likely to go up to ₹ 1,10,00,000 after the implementation of expansion plan. The company pays tax @ 35 per cent on earnings after paying interest.

   Which source of financing should the company use for raising additional capital ? Advise the company keeping in mind the EPS and financial risk. *35*

## खण्ड ख

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए : *15×4=60*

(क) "पूँजी से लाभांश का भुगतान नहीं किया जा सकता है।" इसकी व्याख्या कीजिए। विधि के इस नियम का क्या कोई अपवाद है ? एक लेखा परीक्षक के रूप में, आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि लाभांश का भुगतान पूँजी से नहीं किया गया है ?

(ख) क्या एक कम्पनी स्वेट (Sweat) समता अंश निर्गमित कर सकती है ? ऐसे अंशों के निर्गमन के लिए विभिन्न विनियमों की विवेचना कीजिए।

(ग) व्यवसाय या पेशे से लाभ तथा मुनाफा (gains) के निर्धारण में व्ययों के मदों की एक सूची दीजिए, जिन्हें आय से काटा नहीं जा सकता।

(घ) एम.एम.-थीसिस का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**6.** (क) एक कम्पनी अपने व्यवसाय का विस्तार करने की सोच रही है, जिसके लिए उसे ₹ 1·50 करोड़ पूँजीगत व्यय के तथा ₹ 0·50 करोड़ कार्यशील पूँजी की आवश्यकता होगी। कम्पनी की विद्यमान पूँजी ₹ 10 प्रत्येक के 30,00,000 अंश हैं।

अतिरिक्त विनियोग की वित्त व्यवस्था की जा सकती है या तो नए अंश पूँजी का निर्गमन करके या वित्तीय संस्थाओं से 15% वार्षिक ब्याज की दर से उधार ले कर या अंश पूँजी तथा ऋण के संयोजन से। विस्तार योजना के कार्यान्वयन के पश्चात्, ब्याज तथा कर से पूर्व आय बढ़ कर ₹ 1,10,00,000 होना संभव है। ब्याज का भुगतान करने के उपरान्त, कम्पनी आय पर 35% की दर से कर देती है।

अतिरिक्त पूँजी प्राप्त करने के लिए, कम्पनी को वित्तीयन के किस स्रोत को प्रयोग करना चाहिए ? प्रति अंश आय (EPS) तथा वित्तीय जोख़िम को ध्यान में रख कर कम्पनी को परामर्श दीजिए। 35

(b) What is a Qualified Audit Report ? Prepare a qualified audit report highlighting atleast three qualifications. 25

7. (a) Using appropriate Accounting Ratios, comment on (i) Liquidity, (ii) Current period solvency and (iii) Long-period financial risk of a company. Its Balance Sheet as on 31st March, 2011 is as follows :

Balance Sheet as on 31/3/2011

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Share Capital | 75,00,000 | Land & Buildings | 85,00,000 |
| General Reserve | 15,00,000 | Plant & Machinery | 60,50,000 |
| 14% Debentures | 50,00,000 | Furniture | 5,50,000 |
| Borrowings from IFCI | 55,00,000 | Investment (Market value ₹ 28,00,000) | 30,50,000 |
| Share Premium A/c | 15,00,000 | Stock-in-trade | 20,90,000 |
| Debenture Redemption Reserve | 12,50,000 | Debtors | 20,00,000 |
| Creditors | 28,50,000 | Bills | 1,90,000 |
| Bills Payable | 1,50,000 | Cash Balance | 25,00,000 |
| Outstanding liability | 1,00,000 | Profit & Loss (Dr.) | 16,00,000 |
| Tax Payable | 11,80,000 | | |
| | 2,65,30,000 | | 2,65,30,000 |

(ख) मर्यादित लेखा-परीक्षण रिपोर्ट क्या है ? कम-से-कम तीन मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए, एक मर्यादित लेखा-परीक्षण रिपोर्ट तैयार कीजिए । 25

7. (क) उपयुक्त लेखांकन अनुपातों का प्रयोग करते हुए, एक कम्पनी की (i) तरलता, (ii) चालू अवधि शोधन-क्षमता तथा (iii) दीर्घकालीन वित्तीय जोखिम पर, टिप्पणी कीजिए । 31 मार्च, 2011 को, इसका तुलन पत्र निम्नलिखित है :

31/3/2011 पर तुलन पत्र

| देयताएँ | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 75,00,000 | भूमि एवं भवन | 85,00,000 |
| सामान्य संचय | 15,00,000 | संयंत्र एवं मशीनरी | 60,50,000 |
| 14% ऋणपत्र | 50,00,000 | फर्नीचर | 5,50,000 |
| आई.एफ.सी.आई. से ऋण | 55,00,000 | विनियोग (बाज़ार मूल्य ₹ 28,00,000) | 30,50,000 |
| अंश प्रीमियम खाता | 15,00,000 | व्यापारिक रहतिया | 20,90,000 |
| ऋणपत्र शोधन संचय | 12,50,000 | देनदार | 20,00,000 |
| लेनदार | 28,50,000 | विपत्र | 1,90,000 |
| देय विपत्र | 1,50,000 | रोकड़ शेष | 25,00,000 |
| अदत्त दायित्व | 1,00,000 | लाभ एवं हानि (डेबिट) | 16,00,000 |
| देय कर | 11,80,000 | | |
| | 2,65,30,000 | | 2,65,30,000 |

*Notes :*

(i) Stock worth ₹ 50,000 is not saleable.

(ii) Debtors to the tune of ₹ 1,50,000 are likely to become bad.

(iii) Debts not acknowledged as debts, ₹ 2,50,000.

(iv) A liability of ₹ 50,000 left to be recorded. *40*

(b) How will you handle risk and uncertainty in Capital Budgeting ? Explain. *20*

8. (a) The financial record of a manufacturing company has provided the following cost data :

| | |
|---|---|
| Material cost per unit | ₹ 45 |
| Labour cost | ₹ 12 |
| Overheads | ₹ 20 |
| | ₹ 77 per unit |
| Profit | ₹ 23 |
| Selling Price | ₹ 100 per unit |

*Additional Information :*

(i) The average storage period for raw material is one month.

(ii) Production cycle lasts for $\frac{1}{2}$ month.

(iii) Average storage period for finished goods is one month.

नोट :

(i) ₹ 50,000 मूल्य का रहतिया विक्रय योग्य नहीं है ।

(ii) ₹ 1,50,000 के देनदार के डूबने की संभावना है ।

(iii) ₹ 2,50,000 के ऋण हैं, जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकारा नहीं गया है ।

(iv) ₹ 50,000 का दायित्व लिखने से छूट गया है । *40*

(ख) पूँजी बजटन में, जोख़िम तथा अनिश्चितता को आप कैसे निपटाएँगे ? व्याख्या कीजिए । *20*

8. (क) एक विनिर्माणी कम्पनी के वित्तीय अभिलेख से लागत सम्बन्धी निम्नलिखित आँकड़े दिए गए हैं :

| | |
|---|---|
| सामग्री लागत, प्रति इकाई | ₹ 45 |
| श्रम लागत | ₹ 12 |
| उपरिव्यय | ₹ 20 |
| | ₹ 77 प्रति इकाई |
| लाभ | ₹ 23 |
| विक्रय मूल्य | ₹ 100 प्रति इकाई |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

(i) कच्चे माल की औसत संग्रहण अवधि एक माह है ।

(ii) उत्पादन चक्र $\frac{1}{2}$ माह रहता है ।

(iii) निर्मित माल की औसत संग्रहण अवधि एक माह है ।

(iv) Company sells goods on 2 month's credit whereas it avails only one month's credit facility. 80% of the stock is sold for credit.

(v) Time lag for payment of wages is $\frac{1}{2}$ month and for payment of overheads the time lag is one month.

(vi) Cash is expected to remain at ₹ 20,000.

The company proposes to manufacture 2000 units for the next year and asks you to determine working capital needs for this level of output. Calculate it. *35*

(b) How is Gordon's model an improvement over other dividend models ? Discuss its limitations. *25*

(iv) कम्पनी 2 माह के उधार पर माल बेचती है जबकि वह केवल एक माह के लिए ही उधार सुविधा लेती है । स्टॉक का 80% उधार बेचा जाता है ।

(v) मज़दूरी के भुगतान का समय अन्तराल $\frac{1}{2}$ माह है तथा उपरिव्ययों के भुगतान का समय अन्तराल एक माह है ।

(vi) रोकड़ के ₹ 20,000 रहने की संभावना है ।

अगले वर्ष के लिए, कम्पनी का 2000 इकाई निर्मित करने का प्रस्ताव है तथा उत्पादन के इस स्तर के लिए आवश्यक कार्यशील पूँजी निर्धारित करने के लिए कहती है । इसकी गणना कीजिए । *35*

(ख) क्या गॉर्डन मॉडल अन्य लाभांश मॉडलों पर सुधार है ? इसकी सीमाओं की विवेचना कीजिए । *25*

C-DTN-L-DBA

# वाणिज्य व लेखाविधि

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

**अनुदेश**

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*